# ५. अन्य क्षेत्र

## पशु-पक्षी संवर्धन

सामान्यत: पशु-पक्षी संवर्धन के अंतर्गत गौपालन और कुक्कुट पालन घरेलू स्वरूप में किया जाता है । आओ, गाय और मुर्गी की विविध प्रजातियों का सामान्य परिचय प्राप्त करेंगे ।

### गाय की प्रजातियाँ

**(१) खिल्लार गाय**

**स्थान :** पश्चिम महाराष्ट्र

**रंग :** सफेद

**शरीर :** लंबोतरा

**सींग :** नुकीले तथा आगे थोड़े से मुड़े हुए ।

**दूध :** तीन से चार लीटर (अनुमानत:)





**(२) गीर गाय**

**स्थान :** सौराष्ट्र (गुजरात), महाराष्ट्र

**रंग :** तांबिया, लालछौं जैसा

**शरीर :** हट्‍टा-कट्‍टा, लंबे कान

**सींग :** मोटे, छोटे और भीतर की ओर मुड़े हुए।

**दूध :** सात लीटर (अनुमानत:)

**(३) गवलाऊ गाय**

**स्थान :** विदर्भ (महाराष्ट्र)

**रंग :** सफेद

**शरीर :** मध्यम

**सींग :** छोटे

**दूध :** तीन से पाँच लीटर (अनुमानत:)



### (४) होलस्टन गाय

**स्थान :** भारत और विदेश

**रंग :** काला और सफेद

**शरीर :** बड़ा

**सींग :** बिलकुल छोटे

**दूध :** दस से बारह लीटर (अनुमानतः)





### (५) जर्सी गाय

**स्थान :** भारत और इंग्लैंड

**रंग :** फीका लाल

**शरीर :** बड़ा

**सींग :** बारीक और नुकीले

**दूध :** दस से बारह लीटर (अनुमानतः)

## मुर्गी की प्रजातियाँ



### (१) व्हाइट लेगहॉर्न

**स्थान :** इटली

**रंग :** सफेद

**उत्पादन :** प्रतिवर्ष २०० से २५० अंडे



### (२) ब्राउन लेगहॉर्न

**स्थान :** इटली

**रंग :** पीला, काला, तांबिया, राख जैसा अथवा उसका मिला-जुला रंग

**उत्पादन :** प्रतिवर्ष २०० से २२५ अंडे



## (३) ब्लैक मिनार्का

**स्थान :** स्पेन

**रंग :** काला

**उत्पादन:** प्रतिवर्ष १२० अंडे

## (४) ऱ्होड आयरलैंड रेड

**स्थान :** अमेरिका का ऱ्होड आयरलैंड

**रंग :** लाल या भूरा रंग

**उत्पादन :** प्रतिवर्ष २०० से ३०० अंडे

(कत्थई रंग)





## (५) ब्रायलर मुर्गी

**रंग :** सफेद

**उत्पादन :** अत्यंत कम समय में अधिक माँस बढ़ाकर खाने के लिए इसी प्रजाति का उपयोग किया जाता है। ब्रायलर मुर्गियों का माँस कोमल और मुलायम होता है ।

## (६) अमेरिकन सफेद मुर्गी

**स्थान :** अमेरिका

**रंग :** सफेद

**उत्पादन :** प्रतिवर्ष लगभग १८० अंडे



- पशु-पक्षी का संवर्धन करने पर अर्थोत्पादन कैसे बढ़ता है; इसका मार्गदर्शन करें । अपने परिसर में पाई जाने वाली गायों और मुर्गियों की प्रजातियों के संबंध में जानकारी दें ।

# सूचना एवं तकनीकी विज्ञान

- **डेस्कटॉप की पहचान**

**अ) आयकॉन ब) वॉल पेपर क) टास्कबार**

- **डेस्कटॉप**



संगणक की विद्‌युत आपूर्ति आरंभ करने के बाद तत्काल आज्ञा देना संभव नहीं होता है । संगणक को उसकी स्मृति से ऑपरेटिंग सिस्टिम प्राप्त करनी होती है। इस काम को 'बूटिंग' कहते हैं । बूटिंग पूरी हो जाने पर दीखने वाले स्क्रीन को 'स्टार्टिंग डेस्कटॉप' कहते हैं ।

संगणक शुरू हो जाने पर संगणक की सहायता से कौन-कौन-से काम किए जा सकते हैं ; उनके छोटे रूपों को आयकॉन्स कहते हैं । ये आयकॉन्स मॉनिटर पर दिखाई देते हैं । इसलिए इसी पृष्ठभाग को डेस्कटॉप कहते हैं । काम के लिए उपयोग में लाए जाने वाले प्रोग्राम्स के संक्षिप्त रूप में चित्र संगणक के डेस्कटॉप पर होते हैं या तैयार किए जा सकते हैं । संक्षिप्त रूपों के इन चित्रों को आयकॉन कहते हैं । आयकॉन पर माउस से डबल क्लिक करने पर संबंधित एप्लिकेशन शुरू हो जाता है ।

**वॉल पेपर :**

बूटिंग पूर्ण हो जाने के बाद पृष्ठभूमि में दीखने वाले चित्र को वॉल पेपर कहते हैं । तुम्हारा बनाया हुआ चित्र भी वॉल पेपर के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है ।

**टास्कबार :**

संगणक पर चल रहे कामों के विंडो के छोटे रूप जो पट्‌टी पर दिखाई देते हैं; उसे टास्कबार कहते हैं। बूटिंग पूरी हो जाने पर यह टास्कबार तल में दिखाई देता है ।

**कैल्क्यूलेटर (Calculator) की पहचान :**




संख्याओं का जोड़-घटा या गुणा-भाग तीव्र गति से तथा अचूक ढंग से हो; इसलिए कैल्क्यूलेटर का उपयोग जाता सकता है । संगणक पर काम करते समय गणित की प्रक्रिया करने हेतु कैल्क्यूलेटर की आवश्यकता होती है।

**कैल्क्यूलेटर के प्रकार**

**(१) स्टैंडर्ड कैल्क्यूलेटर** (Standard Calculator)

**(२) साइंटिफिक कैल्क्यूलेटर** (Scientific Calculator)

**कैल्क्यूलेटर :** स्टार्ट - प्रोग्राम्स - एक्सेसरीज - कैल्क्यूलेटर

**मेरी कृति :** संगणक शुरू करके संगणक के डेस्कटॉप का निरीक्षण करो ।

# सड़क सुरक्षा



ठहरिए



आगे तीव्र ढलान है



आगे पाठशाला है



रेल्वे क्रॉसिंग



आगे खड़ी चढ़ाई है



नो पार्किंग
यहाँ गाड़ी खड़ी न करें



बायाँ मोड़
बाएँ मुड़ें



हॉर्न बजाएँ



आगे जाएँ



दायाँ मोड़
दाएँ मुड़ें



अस्पताल की ओर




पार्किंग
यहाँ गाड़ी पार्क करें

**मेरी कृति :** ऑनलाइन शिक्षा में उपयोग में लाई गई सूचना तकनीकी सामग्री का तुम्हें जो अनुभव प्राप्त हुआ है ; वह लिखो ।